*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

क्रम संख्या | टी. बी. सी. : JHGD-U-OFX | परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

1003841

# परीक्षण पुस्तिका

# सामान्य अभिक्षमता परीक्षण – शिक्षा

**A**

*समय : दो घण्टे* | *पूर्णांक : 300*

## अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।
2. कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर *और कुछ न* लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में 120 प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए *केवल एक ही* प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर *ही* अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
6. *सभी* प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. "देश-स्टैक ई-पोर्टल (DESH-Stack e-portal)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(a) यह एक पोर्टल है, जिसके माध्यम से नागरिक कुशल बनेंगे, ताकि वे अपनी आजीविका के अवसरों में सुधार कर सकें ।

(b) यह एक पोर्टल है, जो विविध सरकारी संस्थाओं (एन्टिटि) द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के लिए एकल खिड़की पहुँच (सिंगल विंडो ऐक्सेस) को सरल बनाएगा ।

(c) यह एक पोर्टल है, जो सेवा सुपुर्दगी से संबंधित किसी विषय पर लोक प्राधिकारियों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने के लिए नागरिकों को दिन और रात एक ऑनलाइन प्लैटफॉर्म उपलब्ध कराएगा ।

(d) यह एक पोर्टल है, जो कृषि पण्य में अखिल-भारतीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए देश में एक साझा ऑनलाइन बाज़ार प्लैटफॉर्म का निर्माण करेगा ।

2. निम्नलिखित कृषि उत्पादों पर विचार कीजिए :

1. अनाज
2. कपास
3. प्याज
4. आलू
5. दाल

कृषि उत्पाद की उपर्युक्त श्रेणियों में से कौन-सी श्रेणियाँ, न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के अंतर्गत शामिल हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 5

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1, 3, 4 और 5

(d) 1, 2, 3, 4 और 5

3. भारत के निम्नलिखित राष्ट्रीय उद्यानों (नेशनल पार्कों) में से किसमें चीता को अफ्रीका से लाकर फिर से बसाने का प्रस्ताव है ?

(a) बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान

(b) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान

(c) कुनो राष्ट्रीय उद्यान

(d) मानस राष्ट्रीय उद्यान

4. निम्नलिखित भारतीय वाद्य-यंत्रों में से कौन-सा, पारंपरिक रूप से भैंस की सींग से बनता है ?

(a) कुरुम कुज़ल

(b) नादस्वरम

(c) पुंगी

(d) पेपा

5. निम्नलिखित देशों में से किसने भारत में अगले पाँच वर्षों में $ 42 बिलियन निवेश करने का वचन दिया है ?

(a) ऑस्ट्रेलिया

(b) फ्रांस

(c) जापान

(d) यूनाइटेड किंग्डम

1. Which one of the following statements regarding "DESH-Stack e-portal" is correct ?

(a) It is a portal through which citizens will be skilled so that they can improve their livelihood opportunities.

(b) It is a portal to enable a single window access to services being provided by the various Government entities.

(c) It is a portal to provide an online platform available to citizens day and night to lodge their grievances to the public authorities on any subject related to service delivery.

(d) It is a portal to create a common online market platform in the country to facilitate pan-India trade in agricultural commodities.

2. Consider the following agricultural produce :

1. Cereals
2. Cotton
3. Onions
4. Potatoes
5. Pulses

Which of the above categories of agricultural produce are covered under Minimum Support Price (MSP) ?

(a) 1, 2 and 5 only

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 1, 3, 4 and 5 only

(d) 1, 2, 3, 4 and 5

3. In which one of the following National Parks of India is there a proposal to reintroduce cheetah from Africa ?

(a) Bandhavgarh National Park

(b) Kanha National Park

(c) Kuno National Park

(d) Manas National Park

4. Which one of the following Indian musical instruments is traditionally made of buffalo horn ?

(a) Kurum Kuzhal

(b) Nadaswaram

(c) Pungi

(d) Pepa

5. Which one of the following countries pledged to invest $ 42 billion in India over the next five years ?

(a) Australia

(b) France

(c) Japan

(d) United Kingdom

6. PM-KISAN योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस योजना के अधीन, भूमिधारक किसान परिवारों को प्रति वर्ष ₹ 6,000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ।

2. कृषि-भूमि के अभिधारी इस योजना के अधीन यह वित्तीय लाभ अपने अभिधारण का दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते हैं ।

3. इस योजना के अधीन, आधार अधि-प्रमाणन अनिवार्य नहीं है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 2 और 3

(d) 1 और 2

7. "पाटन पटोला" और "मदुरै सुंगुडी" किससे संबंधित हैं ?

(a) पीतल के बर्तन

(b) कपड़ा

(c) भवन डिज़ाइन

(d) काष्ठ हस्तशिल्प

8. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *(त्योहार)* | | *(राज्य में लोकप्रिय)* |
|---|---|---|---|
| 1. | छाऊ | : | कर्नाटक |
| 2. | दोमाही | : | ओडिशा |
| 3. | हॉर्नबिल | : | नागालैंड |
| 4. | वांचुवा | : | असम |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं ?

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) 2 और 4

(d) 3 और 4

9. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *(क्षेत्र)* | | *(विवरण)* |
|---|---|---|---|
| 1. | कास पठार | : | फूलों का पठार |
| 2. | कच्छ का रण | : | लवण मरुभूमि |
| 3. | सुंदरबन | : | मैंग्रोव वन |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

6. Consider the following statements regarding PM-KISAN Scheme :

1. Under the scheme, landholding farmer families are given a financial support of ₹ 6,000 per year.

2, The tenants of agricultural lands can avail the financial benefits under the scheme by submitting the documentary proof of their tenancy.

3, Under this scheme, Aadhar validation is not compulsory.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 2 and 3

(d) 1 and 2

7. The terms "Patan Patola" and "Madurai Sungudi" are related to :

(a) Brassware

(b) Fabrics

(c) Building designs

(d) Wooden handicrafts

8. Consider the following pairs :

| | *(Festival)* | | *(Popular in State)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Chhau | : | Karnataka |
| 2. | Domahi | : | Odisha |
| 3. | Hornbill | : | Nagaland |
| 4. | Wanchuwa | : | Assam |

Which of the pairs given above are correctly matched ?

(a) 1 and 2

(b) 1 and 3

(c) 2 and 4

(d) 3 and 4

9. Consider the following pairs :

| | *(Area)* | | *(Description)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Kaas Pathar | : | Plateau of flowers |
| 2. | Rann of Kutch | : | Salt desert |
| 3. | Sundarbans | : | Mangrove forest |

Which of the pairs given above are correctly matched ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

10. भारत में क्रिप्टोमुद्राओं (क्रिप्टोकरेंसी) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. क्रिप्टोमुद्राओं वाले लेन-देन वाणिज्यिक बैंकों के द्वारा नहीं किए जाते हैं ।
2. भारत में कोई क्रिप्टोमुद्रा विनिमय प्रतिष्ठान (एक्सचेंज) नहीं हैं ।
3. धन शोधन में क्रिप्टोमुद्राओं का उपयोग नहीं किया जा सकता ।
4. किसी वित्तीय सेक्टर विनियामक द्वारा क्रिप्टोमुद्राएँ विनियमित नहीं की जा सकतीं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

11. कोई कंपनी किसी उत्पाद का उत्पादन करने के लिए चार वस्तुओं $C_1$, $C_2$, $C_3$ और $C_4$ की खरीद करती है । नीचे दी गई सारणी में इन वस्तुओं की पुरानी और नई कीमतें ₹ प्रति यूनिट में दर्शाई गई हैं ।

| | $C_1$ | $C_2$ | $C_3$ | $C_4$ |
|---|---|---|---|---|
| पुरानी दरें | 1000 | 850 | 640 | 4 |
| नई दरें | 1200 | 900 | 800 | 12 |

उत्पाद की 100 यूनिटों का उत्पादन करने के लिए $C_1$, $C_2$, $C_3$ और $C_4$ की क्रमशः 2, 4, 5 और 20 यूनिटें लगती हैं । यदि मज़दूरी में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता है, तो उत्पाद की प्रति यूनिट उत्पादन लागत में क्या परिवर्तन आएगा ?

(a) ₹ 1·56
(b) ₹ 15·60
(c) ₹ 156
(d) ₹ 1560

12. E की माता F है, और B की माता A है । D का पति/की पत्नी (स्पाउस) A है और B का पति/की पत्नी F है । D का E के साथ क्या संबंध है ?

(a) पिता का पिता
(b) माता का पिता
(c) माता की माता
(d) पिता की माता

13. किसी समाचार-पत्र वितरण एजेंसी को यदि उसी समाचार-पत्र के पुराने अंकों के 20 अंक वापस लौटाए जाएँ तो वह दैनिक समाचार-पत्र के एक नवीनतम अंक की आपूर्ति करती है । एक व्यक्ति के पास इस समाचार-पत्र के ठीक 8000 पुराने अंक हैं । यदि वह उसे प्राप्त होने वाले सभी अंकों को वापस लौटाता है, तो वह कितनी अवधि तक कोई भुगतान किए बिना समाचार-पत्र के नवीनतम अंक प्राप्त कर सकता है ?

(a) 400 दिन
(b) 420 दिन
(c) 421 दिन
(d) 425 दिन

14. निम्नलिखित आरेखों में से कौन-सा, क्रिकेट खिलाड़ियों, खिलाड़ियों और व्यवसायियों को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करता है ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

15. निम्नलिखित शब्द-युग्मों पर विचार कीजिए :

1. कपास और कठोर
2. रबड़ और भंगुर

निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द-युग्म (1) और (2) के सदृश है ?

(a) अग्नि और मंद
(b) इस्पात और शीतल
(c) महासागर और लघु
(d) चंद्रमा और नया

10. Consider the following statements regarding cryptocurrencies in India :

1. Transactions involving cryptocurrencies are not done through commercial banks.
2. There are no cryptocurrency exchanges in India.
3. Cryptocurrencies cannot be used in money laundering.
4. Cryptocurrencies cannot be regulated by any financial sector regulator.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 1 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

11. A company buys four commodities $C_1$, $C_2$, $C_3$ and $C_4$ to produce a product. The following chart shows the old and the new prices of these commodities in ₹ per unit.

| | $C_1$ | $C_2$ | $C_3$ | $C_4$ |
|---|---|---|---|---|
| Old rates | 1000 | 850 | 640 | 4 |
| New rates | 1200 | 900 | 800 | 12 |

To produce 100 units of the product it requires 2, 4, 5 and 20 units of $C_1$, $C_2$, $C_3$ and $C_4$ respectively. If there is no change in the labour charges, what is the change in the production cost per unit of the product ?

(a) ₹ 1·56
(b) ₹ 15·60
(c) ₹ 156
(d) ₹ 1560

12. The mother of E is F, and the mother of B is A. The spouse of D is A and the spouse of B is F. What is the relation of D with E ?

(a) Father's father
(b) Mother's father
(c) Mother's mother
(d) Father's mother

13. A newspaper distributing agency supplies one latest issue of a daily newspaper if 20 old issues of the same newspaper are returned to the agency. One person had exactly 8000 old issues of the newspaper. For how long can this person receive the latest issue of the newspaper without making any payment, if he returns all the issues he receives ?

(a) 400 days
(b) 420 days
(c) 421 days
(d) 425 days

14. Which one of the following diagrams is the best representation of cricketers, players and business persons ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

15. Consider the following pairs of words :

1. Cotton and hard
2. Rubber and brittle

Which one of the following pairs is analogous to (1) and (2) ?

(a) Fire and slow
(b) Steel and cold
(c) Ocean and tiny
(d) Moon and new

**16.** निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए :

"प्रत्येक X, Y है, किंतु प्रत्येक X, Z नहीं है ।"

उपर्युक्त कथन के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) प्रत्येक Y, Z नहीं है

(b) प्रत्येक Z, X नहीं है

(c) प्रत्येक Z, Y नहीं है

(d) प्रत्येक Y, X नहीं है

**17.** दो सर्वसम वृत्त $C_1$ और $C_2$ जिनका केंद्र क्रमशः $O_1$ और $O_2$ है, इस प्रकार प्रतिच्छेदन करते हैं कि $C_1$, $O_2$ से होकर गुज़रता है तथा $C_2$, $O_1$ से होकर गुज़रता है । यदि $C_1$ और $C_2$ के प्रतिच्छेद-बिंदु P और Q हैं, तो कोण $\angle PO_1Q$ की माप क्या है ?




(a) 90°

(b) 120°

(c) 145°

(d) 150°

**18.** किसी कक्षा के सभी छात्र एक पंक्ति में खड़े हैं, जिनमें से प्रत्येक उत्तर की ओर अभिमुखी है । सबसे लंबा छात्र बायीं ओर से 47वें और दायीं ओर से 14वें स्थान पर खड़ा है । कक्षा में कितने छात्र हैं ?

(a) 59

(b) 60

(c) 61

(d) 62

**19.** A, B, C और D चार लड़के हैं । A लड़के की लम्बाई B से अधिक है, किंतु C से कम है । D सबसे लंबा लड़का नहीं है, जबकि B लम्बाई में सबसे छोटा नहीं है । तो निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

P ≡ D लंबाई में सबसे छोटा है ।

Q ≡ C सबसे लम्बा है ।

(a) केवल P

(b) केवल Q

(c) P और Q दोनों

(d) न तो P, न ही Q

**20.** एक तरणताल को पंप $P_1$ एक घंटे में खाली कर सकता है । पंप $P_2$ इस कार्य को 1 घंटा 30 मिनट में कर सकता है, जबकि पंप $P_3$ इसी कार्य को 2 घंटे में कर सकता है । यदि तीनों पंपों को एक साथ उपयोग किया जाए, तो तरणताल को खाली करने में कितना समय लगेगा ?

(a) 30 मिनट से कम

(b) 30 मिनट से अधिक, किंतु 35 मिनट से कम

(c) 35 मिनट से अधिक, किंतु 40 मिनट से कम

(d) 40 मिनट से अधिक

16. Consider the following statement :

"Every X is Y, but every X is not Z."

Which one of the following is true with respect to the above statement ?

(a) Not every Y is Z

(b) Not every Z is X

(c) Not every Z is Y

(d) Not every Y is X

17. Two identical circles $C_1$ and $C_2$ with centres $O_1$ and $O_2$ respectively, intersect such that $C_1$ passes through $O_2$ and $C_2$ passes through $O_1$. If the points of intersection of $C_1$ and $C_2$ are P and Q, what is the measure of the angle $\angle PO_1Q$ ?




(a) 90°

(b) 120°

(c) 145°

(d) 150°

18. All the students of a class are standing in a row, each one facing the north. The position of the tallest student is $47^{th}$ from the left and $14^{th}$ from the right. How many students are there in the class ?

(a) 59

(b) 60

(c) 61

(d) 62

19. There are four boys A, B, C and D. The boy A is taller than B, but shorter than C. The boy D is not the tallest one, whereas B is not the shortest one. Then which of the following statements is/are true ?

P ≡ D is the shortest one.

Q ≡ C is the tallest one.

(a) P only

(b) Q only

(c) Both P and Q

(d) Neither P nor Q

20. Pump $P_1$ can empty out a swimming pool in 1 hour. Pump $P_2$ can do this job in 1 hour and 30 minutes, whereas pump $P_3$ can do the same job in 2 hours. If all the three pumps are used simultaneously, how much time will they take to empty out the pool ?

(a) Less than 30 minutes

(b) More than 30 minutes but less than 35 minutes

(c) More than 35 minutes but less than 40 minutes

(d) More than 40 minutes

21. Which one of the following parts of the sentence "Mr. Chandran has been selected as one of the member of the committee" has an error ?

(a) Mr. Chandran has been

(b) selected as

(c) one of the member

(d) of the committee

22. Which one of the following parts of the sentence "Children are unable to learn optimally when they were undernourished" has an error ?

(a) Children are

(b) unable to learn optimally

(c) when they were

(d) undernourished

23. Which one of the following parts of the sentence "The importance, relevant, and beauty of the classical languages of India cannot be overlooked" has an error ?

(a) The importance, relevant, and beauty

(b) of the classical languages

(c) of India

(d) cannot be overlooked

24. Which one of the following is the most appropriate meaning of the idiom 'Call it a day' ?

(a) At the end of the day, particularly in the evening

(b) Calling a day as fruitful

(c) Leaving the workplace

(d) To stop doing something, particularly some work

25. Which one of the following is the most appropriate meaning of the idiom 'Paper tiger' ?

(a) A person or an organization that seems powerful, but is not

(b) A tiger in a paper

(c) Papers relating to lives and welfare of tigers

(d) Papers needed for the conservation of tigers in a country

26. Which one of the following is the most appropriate meaning of the idiom 'Smell a rat' ?

(a) To start thinking about the smell of a rat

(b) To start believing that something is wrong about a situation

(c) To find the truth that someone is hiding

(d) To believe that all rats can sense the smell of anything

***Directions for the following 2 (two) items :***

*Read the following passage and answer the items that follow the passage :*

Hornbills were among many wildlife species that were hunted in the North-eastern part of India. The great hornbill, in particular, was hunted for its beak that was used in the traditional headgear, but now many people have switched to using artificial beaks made of fibreglass. Hornbills are particularly vulnerable during the breeding season when the female hornbill seals herself inside a tree cavity during a long incubation and fledging period that lasts almost four months. While hunting hornbills during the breeding season has been taboo here, there have been instances of violations in the past, mostly by outsiders. The trees that hornbills nest in are also at the risk of being cut down.

**27.** Why are the hornbills vulnerable during the breeding season ?

(a) Because they can be easily found and killed

(b) Because they can't be found easily

(c) Hunters can track them with their noise during the incubation period

(d) Hornbills are ferocious during the incubation period

**28.** Which one of the following words is similar in meaning to the word 'taboo' in the passage ?

(a) Acceptable

(b) Forbidden

(c) Superstition

(d) Permissible

*निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :*

*निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़िए और परिच्छेद के नीचे आने वाले प्रश्नों का उत्तर दीजिए :*

"भारतीय परंपरा में चाणक्य एक अद्‌भुत व्यक्तित्व है । चणक मुनि के गोत्र में उत्पन्न होने के कारण इन्हें चाणक्य कहा जाता है । प्रतापी नंद वंश को केवल बुद्धिबल से नष्ट करके अपने शिष्य चन्द्रगुप्त को संपूर्ण भारतवर्ष का सम्राट बनाने वाले इस अकिंचन ब्राह्मण की कथा अनेक पुराणों में वर्णित है । 'विष्णुपुराण' में इन्हें नौनंदों का नाश करने वाला बताया गया है । 'बृहत्कथा' में विचारपूर्वक इनकी कहानी दी गई थी जो 'कथासरित्सागर' आदि उसके परवर्ती रूपों में सुरक्षित है । मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त इनके शिष्य थे और ये (चाणक्य) उनके मंत्री थे । 'स्कंदपुराण' में भी इन्हें नंद वंश का उच्छेदकर्ता कहा गया है । पर जिस ग्रंथ से इनके अद्‌भुत व्यक्तित्व का सबसे जीवंत और तेजस्वी रूप प्रकट हुआ है, वह विशाखदत्त का 'मुद्राराक्षस' नाटक है । इसमें केवल बुद्धि बल से प्रबल शत्रुओं को नष्ट करके चंद्रगुप्त को सिंहासनाधीन बनाकर स्वयं अंत तक अकिंचन बने रहने वाले तेजस्वी ब्राह्मण चाणक्य का अत्यंत तेजस्वी व्यक्तित्व प्रकट हुआ है । इस गुरु और मंत्री ब्राह्मण के सामने सम्राट भी कुछ नहीं कर पाता था । प्रतापी नंद वंश के साथ ही साथ उस समय के अन्य शक्तिशाली राजाओं को केवल बुद्धिबल से समाप्त करने वाला यह महान राजनीतिज्ञ आधुनिक साहित्य में भी अपनी गरिमा के साथ प्रेरक व्यक्तित्व के रूप में काम करता रहा है ।"

**29.** प्रतापी नंद वंश के साथ ही उस समय के अन्य शक्तिशाली राजाओं को केवल बुद्धिबल से समाप्त करने वाला यह महान राजनीतिज्ञ आधुनिक साहित्य में भी अपनी गरिमा के साथ प्रेरक व्यक्तित्व के रूप में काम करता रहा है । कथन में 'बुद्धिबल' का निहितार्थ है :

(a) भौतिक बल

(b) विद्या रूपी ज्ञान और मेधा का बल

(c) नैतिक बल

(d) शस्त्र और शास्त्रार्थ का बल

**30.** चाणक्य अपने बुद्धि बल से शत्रुओं को नष्ट करके चंद्रगुप्त को सिंहासनाधीन बनाकर स्वयं अंत तक अकिंचन बने रहे । कथन में 'अकिंचन' का निहितार्थ है :

(a) कंचन युक्त

(b) धन-वैभव के बिना रहना

(c) धन-बल की लालसा में होना

(d) सिंहासन के अधीन न रहना

**31.** 'स्कंदपुराण' में इन्हें नंद वंश का उच्छेदकर्ता कहा गया है । यहाँ 'उच्छेदकर्ता' का अभिप्राय है :

(a) छेदन करने वाला

(b) नंद वंश का समूल नाश करने वाला

(c) नंद वंश का पोषण करने वाला

(d) नंद वंश की स्थापना करने वाला

32. निम्नलिखित में से कौन-सा 'सदाशय' शब्द का संधि-विच्छेद है ?

(a) सदा + शय

(b) सद + आशय

(c) सदाश + अय

(d) सत् + आशय

33. निम्नलिखित में से कौन-सा 'उद्‌घाटन' शब्द का संधि-विच्छेद है ?

(a) उद् + घाटन

(b) उत् + घाटन

(c) उद्‌घ + आटन

(d) उद्‌घा + टन

34. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म ***नहीं*** है ?

| | *(हिंदी मुहावरे)* | | *(अर्थ)* |
|---|---|---|---|
| (a) | छक्के छुड़ाना | : | हिम्मत पस्त कर देना |
| (b) | नाक भौं सिकोड़ना | : | तंग करना |
| (c) | नाक बचाना | : | इज्जत बचाना |
| (d) | नाक में दम करना | : | बहुत परेशान करना |

35. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म ***नहीं*** है ?

| | *(हिंदी मुहावरे)* | | *(अर्थ)* |
|---|---|---|---|
| (a) | फूटे ढोल की तरह गले पड़ना | : | अनचाहा बोझ बनना |
| (b) | फूटे मुँह से | : | बेरुखी से |
| (c) | फूला न समाना | : | उत्साहहीन होना |
| (d) | फूट डालना | : | बैर कराना |

36. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म ***नहीं*** है ?

| | *(हिंदी मुहावरे)* | | *(अर्थ)* |
|---|---|---|---|
| (a) | बांछें खिलना | : | बहुत सुंदर होना |
| (b) | बहती गंगा में हाथ धोना | : | सब के साथ अनायास स्वयं भी लाभ उठा लेना |
| (c) | बहत्तर घाट का पानी पिए होना | : | बहुत धूर्त और अनुभवी होना |
| (d) | बाज़ी मार लेना | : | स्पर्धा में सफल होना |

37. शिक्षण (इंस्ट्रक्शन) के दौरान छात्रों की अधिगम कठिनाइयों के मूल्यांकन को क्या कहते हैं ?

(a) स्थानन (प्लेसमेंट)

(b) निर्माणात्मक (फॉर्मेटिव)

(c) नैदानिक (डाइग्नोस्टिक)

(d) संकलक (समेटिव)

38. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा, निर्माणात्मक मूल्यांकन को दर्शाता है ?

(a) अनुदेशन अनुक्रम (सीक्वेंस ऑफ इंस्ट्रक्शन) में छात्रों का प्रारंभिक निष्पादन

(b) अनुदेशन (इंस्ट्रक्शन) के दौरान छात्रों की अधिगम प्रगति

(c) अनुदेशन के दौरान छात्रों की अधिगम कठिनाइयाँ

(d) अनुदेशन के अंत में छात्रों की उपलब्धि

39. निम्नलिखित में से मूल्यांकन के घटक कौन-से हैं ?

1. गुणात्मक वर्णन

2. परिमाणात्मक वर्णन

3. मूल्य निर्धारण

4. आलेखीय (ग्राफिकल) वर्णन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 4

(b) 2, 3 और 4

(c) 1, 3 और 4

(d) 1, 2 और 3

40. किसी परीक्षण की निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता का निर्धारण करने के लिए विभक्तार्ध (स्प्लिट-हाफ) पद्धति का प्रयोग किया जाता है ?

(a) वैधता

(b) विश्वसनीयता

(c) उपयोगिता

(d) वस्तुनिष्ठता

41. शैक्षणिक उद्देश्यों की वर्गिकी में निम्नलिखित श्रेणियों में से कौन-सी श्रेणियाँ, भावात्मक क्षेत्र के भाग हैं ?

1. अनुप्रयोग
2. मूल्यांकन
3. आयोजन
4. अनुकूलन
5. बोधन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 4
(b) 2 और 3
(c) 1 और 5
(d) 4 और 5

42. शाब्दिक बोधन क्या है ?

(a) शब्दों, वर्णों, संख्याओं और ज्यामितिक आकृतियों में समानताओं एवं विभेदों की पहचान करना

(b) शब्दों, वाक्यों और निदेशनों के अर्थ का बोध प्रदर्शित करना

(c) उच्चरित शब्दों या ध्वनियों में समानताओं एवं विभेदों की पहचान करना

(d) वर्णमाला के वर्णों, शब्दों और अंकों की पहचान करना

43. उपलब्धि परीक्षण तैयार करते समय विशिष्टि-तालिका का प्रयोग करने का निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य लाभ है ?

(a) यह अपेक्षित समय की मात्रा को कम करता है
(b) यह परीक्षण की मदें तैयार करना आसान बनाता है
(c) यह परीक्षण की वस्तुनिष्ठता को कम करता है
(d) यह विषय-वस्तु के प्रतिचयन में सुधार लाता है

44. शैक्षणिक उद्देश्यों की वर्गिकी की निम्नलिखित श्रेणियों में से कौन-सी श्रेणी, अधिगम के उच्चतम स्तर को सूचित करती है ?

(a) विश्लेषण
(b) अनुप्रयोग
(c) संश्लेषण
(d) बोधन

45. निम्नलिखित में से कौन-सी मापनी (मेज़रमेंट स्केल) में निरपेक्ष शून्य बिंदु होता है ?

(a) क्रमसूचक
(b) नाममात्र
(c) अनुपात
(d) अंतराल

37. The Evaluation of Pupils' learning difficulties during instruction is known as :

(a) Placement

(b) Formative

(c) Diagnostic

(d) Summative

38. Which one of the following statements indicate the formative evaluation ?

(a) Pupils' entry performance in a sequence of instruction

(b) Pupils' learning progress during instruction

(c) Pupils' learning difficulties during instruction

(d) Pupils' achievement at the end of instruction

39. Which of the following are the components of evaluation ?

1. Qualitative descriptions

2. Quantitative descriptions

3. Value judgments

4. Graphical descriptions

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 4

(b) 2, 3 and 4

(c) 1, 3 and 4

(d) 1, 2 and 3

40. Split-Half method is used for determining which one of the following characteristics of a test ?

(a) Validity

(b) Reliability

(c) Usability

(d) Objectivity

41. Which of the following categories in the taxonomy of educational objectives are the parts of the Affective Domain ?

1. Application

2. Valuing

3. Organization

4. Adaptation

5. Comprehension

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4

(b) 2 and 3

(c) 1 and 5

(d) 4 and 5

42. Verbal comprehension is :

(a) Identifying similarities and differences in words, letters, numbers and geometric figures

(b) Demonstrating an understanding of the meaning of words, sentences and directions

(c) Identifying similarities and differences in spoken words or sounds

(d) Identifying letters of the alphabet, words and numerals

43. Which one of the following is the main advantage of using a table of specifications when preparing an achievement test ?

(a) It reduces the amount of time required

(b) It makes the construction of test items easier

(c) It decreases the objectivity of the test

(d) It improves the sampling of content

44. Which one of the following categories in the taxonomy of educational objectives indicates the highest level of learning ?

(a) Analysis

(b) Application

(c) Synthesis

(d) Comprehension

45. Which one of the following measurement scales has an absolute zero point ?

(a) Ordinal

(b) Nominal

(c) Ratio

(d) Interval

46. निम्नलिखित में से कौन-सा, प्राचल परीक्षण (पैरामेट्रिक टेस्ट) है ?
(a) संकेत-चिह्न परीक्षण
(b) टी-परीक्षण
(c) माध्यिका परीक्षण
(d) काई-वर्ग (Chi-square) परीक्षण

47. निम्नलिखित में से कौन-सा, प्राचल परीक्षण की अभिधारणा ***नहीं*** है ?
(a) प्रसामान्य बंटन
(b) यादृच्छिकीकरण
(c) समजातीयता
(d) असांतत्य

48. किसी अध्ययन क्षेत्र में विद्यार्थियों के सामर्थ्य और कमजोरियों का अभिनिर्धारण करने के उद्देश्य से अध्यापक को निम्नलिखित में से कौन-सा परीक्षण करना चाहिए ?
(a) उपलब्धि परीक्षण
(b) अभिक्षमता परीक्षण
(c) नैदानिक परीक्षण
(d) तर्क परीक्षण

49. निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रायिकता प्रतिदर्श की श्रेणी में शामिल ***नहीं*** है ?
(a) यादृच्छिक प्रतिदर्श
(b) स्तरित प्रतिदर्श
(c) सोद्देश्य प्रतिदर्श
(d) सुयोजित प्रतिदर्श

50. किसी प्रसामान्य बंटन वक्र में $M \pm 1\sigma$ के परास (रेंज) में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल है ?
(a) 68·13%
(b) 68·26%
(c) 66·28%
(d) 66·26%

51. व्यक्तित्व निदान के लिए निम्नलिखित परीक्षणों में से किसका प्रयोग किया जाता है ?
(a) अभिक्षमता परीक्षण
(b) प्रक्षेपी परीक्षण
(c) बुद्धि परीक्षण
(d) उपलब्धि परीक्षण

52. थर्स्टन की तुल्याभासी अंतराल मापनी का प्रयोग किसे मापने के लिए किया जाता है ?
(a) अभिक्षमता
(b) अभिवृत्ति
(c) उपलब्धि
(d) सृजनशीलता

53. निम्नलिखित चरों में से कौन-सा, सतत श्रेणी में ***नहीं*** आता है ?
(a) आयु
(b) समय
(c) कक्षा-आकार
(d) वज़न

54. निम्नलिखित में से कौन-से मानक प्राप्तांक (स्टैंडर्ड स्कोर) हैं ?
1. T-प्राप्तांक
2. Z-प्राप्तांक
3. स्टेनाइन प्राप्तांक
4. माध्य प्राप्तांक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

55. कुछ मनोवैज्ञानिक लक्षणों के संदर्भ में परीक्षण निष्पादन का निर्धारण करने के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है ?
(a) विषय-वस्तु वैधता
(b) निर्मित वैधता
(c) निकष वैधता
(d) प्रागुक्ति वैधता

56. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (आधारभूत कौशल)* | *सूची II (उप परीक्षण)* |
|---|---|
| A. पठन | 1. मानचित्र पठन |
| B. भाषा | 2. अभिकलन |
| C. गणित | 3. अभिव्यक्ति |
| D. अध्ययन कौशल | 4. बोधन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

46. Which one of the following is a parametric test ?
(a) Sign test
(b) t-test
(c) Median test
(d) Chi-square test

47. Which one of the following is ***not*** an assumption of a parametric test ?
(a) Normal distribution
(b) Randomization
(c) Homogeneity
(d) Discontinuity

48. Which one of the following tests should be conducted by a teacher in order to identify the strength and weakness of the students in an area of study ?
(a) Achievement test
(b) Aptitude test
(c) Diagnostic test
(d) Reasoning test

49. Which one of the following does ***not*** belong to the category of probability sample ?
(a) Random sample
(b) Stratified sample
(c) Purposive sample
(d) Systematic sample

50. Which one of the following is included within the range of $M \pm 1\sigma$ in a normal distribution curve ?
(a) 68·13%
(b) 68·26%
(c) 66·28%
(d) 66·26%

51. Which one of the following tests is used for personality diagnosis ?
(a) Aptitude test
(b) Projective test
(c) Intelligence test
(d) Achievement test

52. Thurstone's equal appearing intervals scale is used for measuring the :
(a) Aptitude
(b) Attitude
(c) Achievement
(d) Creativity

53. Which one of the following variables does ***not*** fall into continuous series ?
(a) Age
(b) Time
(c) Class size
(d) Weight

54. Which of the following are standard scores ?
1. T-score
2. Z-score
3. Stanine score
4. Mean score

Select the correct answer using the code given below :
(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 4 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

55. Which one of the following is used to determine the test performance in terms of certain psychological traits ?
(a) Content validity
(b) Construct validity
(c) Criterion validity
(d) Predictive validity

56. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List I* *(Basic skill)* | | *List II* *(Sub test)* |
|---|---|---|---|
| A. | Reading | 1. | Reading maps |
| B. | Language | 2. | Computation |
| C. | Mathematics | 3. | Expression |
| D. | Study skills | 4. | Comprehension |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

57. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I* (*सामान्य परीक्षण*) | *सूची II* (*मापित अधिगम*) |
|---|---|
| A. विषय-वस्तु-अभिमुखी उपलब्धि परीक्षण | 1. संस्कृति से प्राप्त शाब्दिक, संख्यात्मक और सामान्य समस्या समाधान क्षमता |
| B. विद्यालय-अभिमुखी अभिक्षमता परीक्षण | 2. विषय-वस्तु का ज्ञान |
| C. संस्कृति-अभिमुखी शाब्दिक अभिक्षमता परीक्षण | 3. चित्र वर्गीकरण पर आधारित सामान्य तर्क क्षमता |
| D. संस्कृति-अभिमुखी अ-शाब्दिक अभिक्षमता परीक्षण | 4. अंकगणितीय तर्क |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

58. प्राप्तांकों (स्कोर) के अधिकतम स्थायित्व को निर्धारित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी माप प्रयुक्त होती है ?

(a) माध्य

(b) माध्यिका

(c) बहुलक

(d) परास

59. निम्नलिखित में से कौन-से उपागम, गुणात्मक अनुसंधान में प्रमुख कार्यप्रणालीगत उपागम हैं ?

1. उत्तर-प्रत्यक्षवादी (पोस्ट-पॉजिटिविस्ट) उपागम
2. समीक्षात्मक उपागम
3. कारणात्मक-तुलनात्मक उपागम
4. व्याख्यात्मक उपागम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) केवल 2 और 4

60. उपलब्धि परीक्षण के आधारभूत सिद्धांतों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) इसका प्रयोग विद्यार्थी अधिगम में सुधार के लिए किया जाना चाहिए ।

(b) इसे परिणामों से तैयार किए जाने वाले विशेष उपयोगों के उपयुक्त होने के लिए अभिकल्पित किया जाना चाहिए ।

(c) इसका प्रयोग मापन के लिए मानकीकृत उपकरण के रूप में किया जा सकता है ।

(d) इसे स्पष्ट रूप से परिभाषित अधिगम परिणामों का मापन करना चाहिए ।

57. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I (General test) | List II (Learning measured) |
|---|---|
| A. Content-oriented achievement test | 1. Verbal, numerical and general problem solving abilities derived from culture |
| B. School-oriented aptitude test | 2. Knowledge of subject matter |
| C. Culture-oriented verbal aptitude test | 3. Abstract reasoning abilities based on picture classification |
| D. Culture-oriented non-verbal aptitude test | 4. Arithmetic reasoning |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

58. Which one of the following measures is used to determine the greatest stability of the scores ?

(a) Mean

(b) Median

(c) Mode

(d) Range

59. Which of the following are the major methodological approaches in qualitative research ?

1. Post-positivist approach
2. Critical approach
3. Causal-comparative approach
4. Interpretive approach

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 4

(b) 2 and 3 only

(c) 3 and 4 only

(d) 2 and 4 only

60. Which one of the following statements in context of basic principles of Achievement test is ***not*** correct ?

(a) It should be used to improve students' learning.

(b) It should be designed to fit the particular uses to be made of the results.

(c) It can be used as a standardized tool for measurement.

(d) It should measure clearly defined learning outcomes.

61. निम्नलिखित में से कौन-सा, असंरचित गहन साक्षात्कारों में *नहीं* होना चाहिए ?

(a) साक्षात्कारदाता-केंद्रित श्रवण

(b) कार्यसूची-केंद्रित श्रवण

(c) निर्बाध श्रवण

(d) साक्षात्कारदाता-केंद्रित मुक्त और अनिर्णयात्मक श्रवण

62. निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति, प्रायिकता को स्थापित करने की पद्धति *नहीं* है ?

(a) आनुभविक उपागम

(b) विभेदक उपागम

(c) गणितीय उपागम

(d) अंत:प्रज्ञात्मक उपागम

63. कोई उपयुक्त संदर्भ-समूह में, किसी परीक्षण में छात्र के निष्पादन की किसी अन्य छात्र के निष्पादन से तुलना को क्या कहते हैं ?

(a) वस्तुनिष्ठ परीक्षण

(b) निकष-संदर्भित परीक्षण

(c) मानक-संदर्भित परीक्षण

(d) व्यक्तिनिष्ठ परीक्षण

64. मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसी मनोवैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य रूप से किसी व्यवहार प्रतिदर्श का वस्तुनिष्ठ और मानकीकृत माप होता है ।

2. मानकीकरण में, परीक्षण के संचालन (एडमिनिस्ट्रेटिंग) और समंकन (स्कोरिंग) की विविध पद्धतियाँ निहित होती हैं ।

3. परीक्षण जिसके भी मापन के लिए अभिकल्पित किया गया है, उसकी वैधता के निर्धारण के लिए स्वतंत्र, बाह्य मानदंड अपेक्षित होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

65. समूह परीक्षणों का प्रयोग मुख्यत: किसमें किया जाता है ?

1. शैक्षणिक प्रणालियाँ

2. सरकारी सेवाएँ

3. उद्योग और सैन्य सेवाएँ

4. निदानशालाएँ (क्लिनिक्स)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2 और 3

**61.** Which one of the following should ***not*** be there in unstructured In-depth interviews ?

(a) Interviewee-focused listening

(b) Agenda-focused listening

(c) Non-interruptive listening

(d) Interviewee-centred open and non-judgmental listening

**62.** Which one among the following is ***not*** a method of establishing probability ?

(a) Empirical approach

(b) Differential approach

(c) Mathematical approach

(d) Intuitive approach

**63.** The comparison of a pupil's performance on a test with that of another pupil's in some appropriate reference group is called :

(a) Objective testing

(b) Criterion-referenced testing

(c) Norm-referenced testing

(d) Subjective testing

**64.** Consider the following statements regarding Psychological tests :

1. A psychological test is essentially an objective and standardized measure of a sample of behaviour.
2. Standardization implies variety of procedures in administrating and scoring the test.
3. The determination of validity requires independent, external criteria of whatever the test is designed to measure.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**65.** Group tests are used primarily in :

1. Educational systems
2. Government services
3. Industry and Military services
4. Clinics

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 4

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2 and 3

66. प्राचीन काल के निम्नलिखित शैक्षणिक संस्थानों में से कौन-सा, स्वतंत्र भारत का भाग *नहीं* है ?

(a) नालंदा

(b) विक्रमशिला

(c) वल्लभी

(d) तक्षशिला

67. राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढाँचा (2005) तैयार करने का कार्य किसके द्वारा पूरा किया गया ?

(a) केवल राष्ट्रीय संचालन समिति

(b) केवल इक्कीस राष्ट्रीय फोकस समूह

(c) राष्ट्रीय संचालन समिति और तीन राष्ट्रीय फोकस समूह

(d) राष्ट्रीय संचालन समिति और इक्कीस राष्ट्रीय फोकस समूह

68. नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार, सभी मौसम वाले भवन में क्या होने चाहिए ?

1. लड़कों और लड़कियों के लिए पृथक् शौचालय
2. बाधा-मुक्त आसान पहुँच
3. शिक्षकों और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के लिए विनोद-कक्ष (कॉमन रूम)
4. जहाँ दोपहर का भोजन स्कूल में पकाया जाता है, वहाँ एक रसोई

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2 और 3

(b) 1, 2 और 4

(c) 1, 2 और 3

(d) 1, 3 और 4

69. नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार, राज्य के स्वामित्व वाले विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पद कितने से अधिक *नहीं* होंगे ?

(a) कुल स्वीकृत पद संख्या के दो प्रतिशत

(b) कुल स्वीकृत पद संख्या के पाँच प्रतिशत

(c) कुल स्वीकृत पद संख्या के दस प्रतिशत

(d) कुल स्वीकृत पद संख्या के पंद्रह प्रतिशत

70. नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अधीन, प्रारंभिक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रक्रिया अधिकथित करते समय निम्नलिखित में से कौन-सा, विचारार्थ विषय का भाग *नहीं* हो सकता ?

(a) संविधान में प्रतिष्ठापित मूल्यों से अनुरूपता

(b) बच्चों के ज्ञान, अंत:शक्ति और योग्यता का निर्माण करना

(c) बच्चों को भय, मानसिक अभिघात और चिंता मुक्त बनाना

(d) सार्वभौम स्कूल प्रणाली

**66.** Which one of the following educational institutions of ancient times is ***not*** a part of independent India ?

(a) Nalanda

(b) Vikramshila

(c) Vallabhi

(d) Takshashila

**67.** The task of preparation of the National Curriculum Framework (2005) was accomplished by :

(a) National Steering Committee only

(b) Twenty-one National Focus Groups only

(c) National Steering Committee and three National Focus Groups

(d) National Steering Committee and twenty-one National Focus Groups

**68.** As per the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009, an all-weather school building should consist of :

1. Separate toilets for boys and girls
2. An easy access without barrier
3. A common room for teachers and School Management Committee members
4. A kitchen where mid-day meal is cooked in the school

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 and 3 only

(b) 1, 2 and 4

(c) 1, 2 and 3

(d) 1, 3 and 4

**69.** According to the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009, the vacancies of teachers in a State-owned school shall ***not*** exceed :

(a) Two percent of the total sanctioned strength

(b) Five percent of the total sanctioned strength

(c) Ten percent of the total sanctioned strength

(d) Fifteen percent of the total sanctioned strength

**70.** Under the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009, which one of the following may ***not*** be a part of consideration while laying down the curriculum and evaluation procedure for elementary education ?

(a) Conformity with the values enshrined in the Constitution

(b) Building up children's knowledge, potentiality and talent

(c) Making the children free of fear, trauma and anxiety

(d) Universal School System

71. नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार, यदि कोई बालक/बालिका आठवीं कक्षा के अंत में, नियमित परीक्षा में असफल हो जाता है/जाती है, तो उसे कितनी अवधि के भीतर पुन:परीक्षा देने का अतिरिक्त अवसर दिया जा सकता है ?

(a) परिणाम घोषित किए जाने की तारीख से एक माह
(b) परिणाम घोषित किए जाने की तारीख से दो माह
(c) परिणाम घोषित किए जाने की तारीख से छह माह
(d) परिणाम घोषित किए जाने की तारीख से नौ माह

72. नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार, बालकों के निम्नलिखित आयु-वर्गों में से कौन-सा आयु-वर्ग नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का हकदार है ?

(a) छह से सोलह वर्ष
(b) चार से चौदह वर्ष
(c) छह से चौदह वर्ष
(d) चार से सोलह वर्ष

73. नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा, विद्यालय प्रबंध समिति का कार्य ***नहीं*** है ?

(a) विद्यालय विकास योजना तैयार करना और उसकी सिफारिश करना
(b) विद्यालय के कार्यकारण को मॉनीटर करना
(c) प्राप्त अनुदानों के उपयोग को मॉनीटर करना
(d) विद्यालय के प्रतिमानकों और मानकों को तैयार करना

74. नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार, शिक्षक के लिए प्रति सप्ताह कार्य-घंटों की न्यूनतम संख्या कितनी है ?

(a) तैयारी के घंटों को छोड़ कर पैंतालीस घंटे
(b) तैयारी के घंटों को मिला कर पैंतालीस घंटे
(c) तैयारी के घंटों को छोड़ कर चालीस घंटे
(d) तैयारी के घंटों को मिला कर चालीस घंटे

75. नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम, 2010 के अनुसार, राज्य सलाहकार परिषद् का *पदेन* अध्यक्ष कौन होगा ?

(a) समुचित सरकार में विद्यालय शिक्षा का प्रधान सचिव
(b) समुचित सरकार में मुख्य सचिव
(c) समुचित सरकार में विद्यालय शिक्षा का प्रभारी मंत्री
(d) समुचित सरकार में प्रारंभिक शिक्षा का प्रभारी सचिव

71. As per the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009, if a child happens to fail in the regular examination at the end of the eighth class, he or she can be given an additional opportunity for re-examination within a period of :

(a) One month from the date of declaration of the result

(b) Two months from the date of declaration of the result

(c) Six months from the date of declaration of the result

(d) Nine months from the date of declaration of the result

72. Which one of the following age groups of children is entitled to free and compulsory education as per the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009 ?

(a) Six to sixteen years

(b) Four to fourteen years

(c) Six to fourteen years

(d) Four to sixteen years

73. As per the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009, which one of the following is ***not*** the function of the School Management Committee ?

(a) Preparing and recommending the school development plan

(b) Monitoring the working of the school

(c) Monitoring the utilization of the grants received

(d) Preparing the norms and standards for the school

74. As per the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009, what is the minimum number of working hours per week for the teacher ?

(a) Forty-five hours excluding preparation hours

(b) Forty-five hours including preparation hours

(c) Forty hours excluding preparation hours

(d) Forty hours including preparation hours

75. As per the Right of Children to Free and Compulsory Education Rules, 2010, the State Advisory Council is chaired *ex-officio* by :

(a) The Principal Secretary of School Education in the appropriate Government

(b) The Chief Secretary in the appropriate Government

(c) The Minister in-charge of School Education in the appropriate Government

(d) The Secretary in-charge of Elementary Education in the appropriate Government

**76.** विद्यालय शिक्षा के किस चरण (स्टेज) में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) प्रत्येक विद्यार्थी को 'आनंददायी पाठ्यक्रम (फन कोर्स)' या '10 दिन के बस्ता-रहित पीरियड' (बैगलेस पीरियड) में भाग लेने की सिफ़ारिश करती है ?

(a) बुनियादी चरण (फाउंडेशनल स्टेज)
(b) प्राक्-प्रवेश चरण (प्रिपेटरी स्टेज)
(c) मिडिल चरण (मिडिल स्टेज)
(d) विद्यालय शिक्षा के दौरान किसी भी समय

**77.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) के अनुसार देशभर में अनुसंधान और नवाचार को उत्प्रेरित करने और विस्तार देने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अभिकरण (एजेंसी) स्थापित किया जाना है ?

(a) राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन
(b) राष्ट्रीय नवाचार मिशन
(c) भारतीय उच्चतर शिक्षा आयोग
(d) उच्चतर शिक्षा अनुदान परिषद्

**78.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) में यथा-विचारित, PARAKH के प्रयोजन को सटीक रूप से वर्णन करता है ?

(a) इसे शिक्षकों के निर्धारण और मूल्यांकन के लिए मानक-स्थापन और मार्गनिर्देशन हेतु राष्ट्रीय निर्धारण केंद्र (नेशनल असेसमेंट सेंटर) के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव है ।
(b) इसे छात्रों के निर्धारण और मूल्यांकन के लिए मानक-स्थापन और मार्गनिर्देशन हेतु राष्ट्रीय निर्धारण केंद्र (नेशनल असेसमेंट सेंटर) के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव है ।
(c) इसे नए निर्धारण प्रतिरूपों, आदि के संदर्भ में विश्वविद्यालयों के लिए एक सलाहकार संगठन के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव है ।
(d) इसे विनियामक निकाय के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव है ताकि विविध राष्ट्रीय और राज्य शिक्षा बोर्डों में एकसमान पाठ्यक्रम अपनाने को सुनिश्चित किया जा सके ।

**79.** धारणीय विकास लक्ष्य (SDG) – 4 में ऐसे कितने लक्ष्य अपनाए गए हैं जो समावेशी और समतामूलक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा जीवनपर्यंत अधिगम (लर्निंग) पर केंद्रित हैं ?

(a) तीन समूहों में 12 लक्ष्य
(b) पाँच समूहों में 10 लक्ष्य
